यातै वंदन वरजी जे, मुनि की विधि ऐ सुनि लीजे॥३०३॥
ह्वै रूप कुलगी वाकौ, वदन न करौ भवि ताकौ।
उपदेस तवै विपरीता, तातै वरज्यौ यह मींता॥३०४॥

दोहा : जिह जिह कारिज तै धर्म[1], वधै सु करै सही सु।
माननीक ह्वै ते जती, निंदन जोग्य नही स[2]॥३०५॥

छद चाल मुनि पैं मुनि कोई आवै, आदर करि तिंह वैठावै।
प्राघुनिकी विधि कर वांहीं, वढि चालै वरजै नांही॥३०६॥
पाटा पोथी पीछी वै, विन मांगें नांही छीवैं।
जव लौं वह संगि रहावै, भिष्या कौं भ्रमण करावै॥३०७॥
यह धर्म निरतर भाष्यौ, मुनि राजनि सो अभिलाष्यौ।
फुनि निज गुर के आंवन की, विधि कंहूं तोहि[1] पांवन की॥३०८॥

---

३०० : १ सरूप। २ दिग्गंवर। ३ प्रतक्षा।
३०१ : १ मान्य। २ वडे।
३०५ : १ धरम। २ सु।
३०६ . १ छद।
३०८ : १ होन।

गुर आत दूरि तैं देषै[1], वढि[2] निकटि जाय पद पेषै।
अनकूल[3] होय मुनि आगैं, करि नमसकार अनुरागैं ॥३०९॥
सेवा तिन की वहु करई, करि सुद्धभाव[1] अघ हरई।
नहि को या धर्म-समांनौं, यह सकल-सिरोमनि जांनौं ॥३१०॥

दोहा : दया करै गुर सिष्य पैं, पुस्तकादि जो देय।
भावसहित दुहूँ हाथि[1] लैं, सिषि वदना करेय ॥३११॥

चौपई : जौ लौं मरण करै जग माहि, वचन दीनता भाषैं नांहि।
आजीवका निमत्ति जे मुनी, धर्म-ध्यांन छाड़ै नहि[1] गुनी ॥३१२॥

दोहा : षुध्या करि ह्वै दूवले, मैलौ होय सरीर।
ऐ भूषण हैं मुनिनु के, लाज मरै नहि धीर ॥३१३॥
मन करिकै मुनि सुद्ध ह्वै सोही सुद्ध कहाय।
मन विनि तन सुध होत नहि, कोटि सनान कराय ॥३१४॥

छप्पै : कार्य अकार्य विचार जाणते ह्वै सव भाषा।
सर्व सास्त्र कौ अर्थकरण[1] की है अभिलाषा॥
धर्म तणौं उपदेस दैंनवारे[2] मुनिराई।
ह्वै गुणवांन जु कोय ताहि मानौं सव भाई॥
फुनि होय सुद्ध मुनि निगुण हूं, मुद्रा लषि कै मानिऐं।
श्रावग सु श्रवग्या साध[3] की मन वच तन नहि ठानिऐं ॥३१५॥

सोरठा : धर्म तणौं व्यौहार, उपदेसी कै आसिरं।
है यातैं यह सार, जोग्य वात तुमकौं कही ॥३१६॥

छंद गीता भक्त विसंघी कौं श्रावक जो भक्ति जुक्ति करि भोजन देय।
भोजन[1] भाड[2] सुद्धता करि कै तहा मुनीस अहार करेय॥

---

३०९ १ देष्वै। २ उठि। ३ अनकूल।
३१० . १ भाव सुद्ध।
३११ : १ हाथ।
३१२ : १ नहीं।
३१५ : १ अरयकरण। २ वाले। ३ साधु की।
३१७ : १ भाजन। २ भड।

भंड कहे मांटी के वासरण भाजन कांसी पीतल मांनि।
तहां अहार ले न नहि वर ज्यौं दे सो ही वह उत्तिम[3] दांनि ॥३१७॥
श्रावक जो कदाचि असो ह्वै भाजन भंड तास घरि सुद्ध।
ह्वै पाषंड़ी निंदनीक अति मुनिजन तै ते[1] धरहि विरूद्ध ॥
ता घरि भोजन करै नही मुनि जे धरमातम हैं गुन-षानि।
महापाप तै भरयौ अंस लषि करि निदांन वह छोड़त जानि ॥३१८॥

सोरठा : नहि भीटत सुमरंत, चित्र काठहू की तिया।
तौ साची तिय संत, छुप क्यौ लहै न आपदा ॥३१९॥

चौपई : चित्रहू[1] की तिय भींटी होय, तिह दिन भोजन करै न कोय।
जोमि चुक्यो ह्वै जो मुनि सत, तौ वेलौ करि दोष हरंत ॥३२०॥
सपरस जिह्वा दीन्हौं दंड़, तिह करि जग ठांनै पाषंड़।
तातै व्रह्मचर्य कौं धरै, जती मनुष्य[1] ह[2] गुरण आचरै ॥३२१॥
मुनि श्रावक जो सघ मझारि, करै विघन तिह देहु निकारि।
सर्प डसै जो निज आंगुली, दूरि किऐं सु वचै विधि भली ॥३२२॥
सम्यक दसर्ण[1] करिहू सुद्ध, थोड़ो ही तप करत सुबुद्ध।
ताही तपतै कटिहै कर्म, तातै पालहु समकित धर्म ॥३२३॥
समकित ग्यान चरित को मूल, या विनि मुक्ति न ह्वै अनकूल।
मोषि तर्णौं निज साधन ऐहु, और नही है भवि लष[1] लेहु ॥३२४॥
प्रतिकमर्णौं[1] फुनि लौंच करंत, चौदसि आठै आय पड़ंत।
तौ तिथि है सराहिवा जोग्य, इनमै कारिज होय मनोग्य ॥३२५॥
जिह जिह[1] वातां मैं गुरण घणौ, ह्वै ताकौं वलवांन सु गिर्णौं।
या तै सबही तिथि मैं जांनि, चौदसि आठै है अति मांनि ॥३२६॥

---

३१७ : ३ उत्तम।
३१८ : १ जे।
३२० : १ चित्रहु।
३२१ १ मुष्य। २ यह।
३२३ · १ दर्शन।
३२४ : १ लषि।
३२५ : १ प्रतिक्रमर्णों।
३२६ १ जिहि।

जिन जनमादिक तिथि फुनि क्रिया, बहुरि महींता सो मुषि लिया।
जोग करण अर वार नषित्र, ऐ प्रधांन मति गिणहु विचित्र ॥३२७॥
चववा द्वै घटिका निसि रहई, तव पूर्वान[1] वदना चहई।
दोय घड़ी मध्यान कराही, प्रभु-वंदन करि मन हरषांही ॥३२८॥
च्यारि घडी कौ है अपरांन[1], करि वदना यहै परमांन।
नमें[2] आवें नजरि नषित्र, तव समायक तजहु विचित्र ॥३२९॥
धर्म-काजि तिथि अधिकी[1] होय, सो ही कांम तणी गिणि लेहु।
आदि अंत मध्य को भेद, करि सवकति तें तजो विनि षेद ॥३३०॥
जिहि तिथि विषै जु किरिया कीजे, वह किरिया ही मांनि कहीजे।
क्रिया करण कौ ह्वै नहि काल, ग्रामादिक[1] कौं ह्वै जो चाल ॥३३१॥
तौ घटिका द्वै पहली क्रिया, करि लीजे दूषन नहि भिया।
जो प्रमाद करि भूलि गऐहु, तौ घटि द्वै पाछै करि लेहु ॥३३२॥

दोहा : दिनि[1] घटिका छह चढि चुकै, तव स्वाध्याय सु आदि।
किरिया सारो कीजियौ, पहलै करहु न वादि ॥३३३॥

चौपई : भाषत ईंद्रनदि मुनिराय, पूर्वाचार्यनु कौ मत पाय।
थोडौ सो मारग यह कह्यौ, जो विस्तार लष्यौ तुम चहौ ॥३३४॥
तौ वनके[1] जो कीन्हे गृंथ, तिन मैं देषि लेहु सुभ पथ।
तीर्थंकर-मत कौ अभिप्राय, सर्व कौंन करि जान्यौ[2] जाय ॥३३५॥
ता तै वन की[1] आग्या संत, मानै ते सुष लहै अनत।
या भव पर-भव-फल सुभ पाय, र्कमि-र्कमि सिव पहुचै जाय ॥३३६॥
असै सौभा करि वह मुनी, इँद्रनदि आचारिज गुनी।
जग माहि जयवंतौ रहै, फुनि कैसौ है सौ कवि कहै ॥३३७॥

कवित्त : परमत-वादी गजघटा दूरि करिवे कौं,
वांनी जाकी जगत मैं सिंघ कै समांन है।

---

३२८. १ पूर्वाह्न।
३२९. १ अपराह्न। २ नभ।
३३० १ अधकी।
३३१ १ ग्रामातर।
३३३, १ दिन।
३३५ १ उनके। २ A जोन्यौ।
३३६ १ उनकी।

फुनि वहु जानत पदारथनि के सरूप,
देवनि कै मांनि धारै निमत सुग्यान है ॥
कुंदकुंदाचारिज गुरू के पद-सेवन तै,
आगम आचार गृंथ मांझि सावधांन हैं।
वै ही इद्रनंदि रच्यौ संसक्रत नीतिसार,
भाषा वषतेस करी ताही कै प्रमांन है ॥३३८॥

अथ विसंघ उतपति-वर्नन

दोहा : यां ही मत्त[1] मै नीसरे, संघ जिते जो और।
तिनहूं की उतपति वहुरि, सुनहु ठिकांनौं ठौर ॥३३९॥
आभा यन मै पाइयतु[1], कछुक यक[2] जैन प्रकास।
ता तै इनकौं मुनिनु मिलि, भाषे जैनांभास ॥३४०॥

अथ संघ-नांम-वर्नन

दोहा : इक स्वेतांवर सघ फुनि, दूजौ द्रावड़ जानि।
ज्याथनीय अरु कासटा, निपछ पंचमौं मांनि ॥३४१॥
तिन मै तै जे नीकसे, मत कितेक हठ ठांनि।
तिनहूं की आगै कछू, कहिहौं कथा वषांनि ॥३४२॥
निकसे स्वेतांवर पथम, जे जे ठानी रीति।
कहौं गृंथ अनुसार तै, सुनिऐ भवि करि प्रीति ॥३४३॥

अथ भद्रवाहु चरित्रे न उक्तं

दोहा : भद्रवाहु के चरित मै, जे भाषी मुनिराय।
सो सव वाही गृथ की, भाषा धरी वनाय ॥३४४॥
गोवरधन मुनि कै भये, भद्रवाहु सिषि सार।
पाठी ग्यारह अंग के, चवदस[1] पूरव धार ॥३४५॥
तिनकै सगि सदा रहैं, मुनि चौवीस हजार।
नगर अवंती कै निकटि, मालव देस मझार ॥३४६॥

---

३३९ . १ मत।
३४० : १ पायइतु। २ यक।
३४५ . १ चउदस।

या नगरी उजेरिण कौ, चद्रगुप्ति[1]नृप नाम।
धर्म-ध्यांन में निपुन निज, वहुरि देस पुर ग्राम ॥३४७॥
एक निसि सोलह् स्वपन[1], लषे जवैं महाराजि।
आय सवै मुनि कौं कहे, फल पूजन[2] कै काजि ॥३४८॥
भद्रवाहु भाषी नृपति, फल सुनिऐ चित लाय।
आवत ईंह अव[1] काल मैं, असैं ह्वै है राय ॥३४९॥

सोलह् स्वपन[1]-वर्नन[2]

छंद गीता : स्वर-वृक्ष की साषा षिरत देषी स्वपन मैं भूप,
फल यह सुनौं आगे नृपति दीक्ष्या धरैं न अनूप।
सूरिज लष्यौ जव अस्त होत सु काल पचम माहि,
मुनिराज ग्यारह अंग चौदह पूर्व धर ह्वै नाहि ॥३५०॥

दोहा : चन्द्र जु देष्यो छिद्रजुत, ताकौ फल यह जानि।
जिन-मत मांझि अनेक मत, फटि हैं लीजे मानि ॥३५१॥

छंद गीता : तुम सर्प[1] वारह फरण तरणौं, देष्यो अहो भूपाल।
फल लषहु वारह वरष कौ, पड़ि है वहुर भषि-काल ॥
उलटौ विमांन जु लष्यौ, जात सु रहै पंचम काल।
ता मे विद्याधर स्वर[2]मुनी, चाररण न आवहि हाल ॥३५२॥
ऊग्यौ लष्यौ रौड़ीकमल सो, वैस्य जिनको धर्म।
पालि है फुनि छत्री[1] सु, व्रांह्मरण तजे जिन आसर्म ॥
नांचते देखे भूत सो नर से यहैं स्वर[2] नीच।
आग्या तरणौं देष्यो उद्योत सु जिन धरम कै वीच ॥३५३॥
उपदेस जिन-भाषित करन वारे कहुं कहु होय।
मिथ्यत जै है फैलि सो यामैं न ससय कोय ॥
देष्यो सरोवर वीच मैं सूको सु पारगी अत।
फल सुनहु जन्म कल्यान आदि सुषेत्र जानि महत ॥३५४॥

---

३४७ १ चद्रगुपति।
३४८ १ सुपन। २ बूझन।
३४९ १ अब इह।
३५० १ स्वप्न। २ फल बर्नन।
३५२ १ सरप। २ सुर
३५३ १ षित्री। २ सुर।

सो ही जु तीरथ जांनि फुनि जैनी न ह्वै तँह कोय।
जिन-धर्म दक्षिण दिसि रहैगौ जाय हे भवि लोय॥
कूकर कनक के थाल मै षातौ लष्यौ तै षीर।
फल जांनि छोटी जाति लषिमी[1] वांन ह्वै हैं वीर॥३५५॥
गज परि[1] लष्यो मरकट चढयो फल यहै कुल जे हीन।
ह्वै भूप तिनके दास उत्तिम कुल तणें ह्वै दीन॥
मरजाद तजत लष्यो उदधि सो अव जु ह्वै भूपाल।
अन्याय करि लछिमी सवनि की हौं हि घूटनवाल[2]॥३५६॥
वहु वोझ कौ रथ वाछडे षेंचते देषे सुद्ध।
फल तरुण वर्क्षादिक[1] करै नहि करै जे ह्वै वृद्ध॥
सुत लष्यो नृप कौ चढयो ऊट[2] सु फल जिके नृप लोय।
निज धर्म तजि हिंसादि-कर्म सु करहिं लज्जा षोय॥३५७॥
देषी ढकी[1] नृप घूलि तै रतनां तणी जो रासि।
फल मुनी आपस मांहि करि हैं ईरषा परकासि॥
फुनि जुद्ध-काले गजनि कौ देष्यो सु फल ये मेघ।
नहि वृष्टि मनवंछित करैं रहिवो करै उद्वेग[2]॥३५८॥

दोहा.

फल यम सोलह सुपिन कौ, सुनि नृप भये उदास।
चित वैराग विचारि कै, दीक्ष्या[1] ले मुनि पासि॥३५९॥
रहन लगे सव संग ही, करत[1] तपस्या घोर।
फुनि जु भई सो हू सवै, सुनहु कथांनक और॥३६०॥
ऐकैं दिवसि अहार कौं, श्रावग कै घरि जाय।
तहां ऐक अचिरज[1] लष्यो, भद्रबाहु मुनिराय॥३६१॥
लरिका देष्यो पालनै, वोलन की विनि सक्ति।
जाह जाह अैसे कही, ह्वै मुनि अचिरज-जुक्ति[1]॥३६२॥

---

३५५ १ लषमी।
३५६ १ पर। २ लूटनवाल।
३५७ १ वरतादिक। २ ऊंट।
३५८ १ लषी। २ उवबेग।
३५९ १ दीक्षा।
३६० : १ कर।
३६१ १ अचिरिज।
३६२ . १ जुक्त।

बूझी लरिका तें मुनि, याकी अवधि वताय।
लरिके फुनि[1] मुख तें दये, वारह वरष जताय[2] ॥३६३॥
अंतराय करि के फिरे, उलटे ही मुनिराय।
आये वन में संघ-मधि, करत विचार सुभाय ॥३६४॥

चौपई : ताही समये निमत विहारी, भद्रवाहु वोले तिह वारी।
सव ही मुनि सुनिये गुनपाल, परिहै वारह वरष दुकाल ॥३६५॥
ता तैं दक्षिण दिसि कौं चलै, वा दिसी धर्म सधैगो[1] भले।
तव वनमैं[2] तैं आधे मुनी, साची मांनी जो गुर-भनी ॥३६६॥
तिन मैं भद्रवाहु अनगार, दूजे चन्द्रगुप्ति[1] ह्वै लार।
ऐ तौ द्वै उद्यांन[2] वन गये, लषि इक गुफा तास ढिगि रहे ॥३६७॥

दोहा : भद्रवाहु तौ अवधि लषि, लियो सकल सन्यास।
तप करि काल षियावहीं, करि करि कै उपवास ॥३६८॥

चौपई : तहां करत दोऊ उपवास, काल षिपावत धारि हुलास।
फुनि मुनि भद्रवाहु यह कही, जो पुर ग्राम[1] नगर ह्वै नही ॥३६९॥
तौ अहार कौं वनि मुनि जाय, जोग मिलै तौ तहा कराय।
अैसे कही जिनागम माहि, सो हू करिये दूषन नाहि ॥३७०॥

सोरठा : यह सुनी गुर के वैन, चद्रगुपति वन जात निति।
तव अहार कौं देन, वन देवी इक आय करि ॥३७१॥
कवहू भोजन ठांनि, अंतरीछि वह ह्वै गई।
कवहु अकेली आनि, वैठी भोजन दैन कौं ॥३७२॥
इँह विधि लषि मुनिराय, अतराय करि करि फिरे।
तप किय मन वच काय, काहू भाति चिगे नही ॥३७३॥
गाढ परीक्षा माहि, लषि देवी नगरी रची।
तहा अहार कराहि, मायामय श्रावगनि कै ॥३७४॥

---

३६३ १ फिरि। २ वताय।
३६६ १ सधैगो। २ उनमैं।
३६७ : १ चद्रगुपति। २ उद्यान।
३६९ १ ग्राम।

फुनि कछु काल षिपाय, भद्रवाहु सुरगनि गये।
गुर-पादि[1] कराय, चंद्रगुप्ति[2] पूज्यो करै ॥३७५॥
कवहु अहारहि जात, कव हू वपवास हि करै।
तप करि कर्म षियात, इम वीते वारह वरष ॥३७६॥

चौपई : और विसाषाचारिज आदि, सिषि हजार वारह कछु वादि।
सव ही दक्षण दिसि कौं जाय, पाल्यो धर्म सु मन वच काय ॥३७७॥
वीतै अवधि विसाषाचारिज, संघ जुत जहां पादिका-वारिज।
आय पूजि पादिका जुपति[1] सौं, चंद्रगुपति मुनि मिले भगति सौं ॥३७८॥
वूझी तुम अहार किह रीति, वन मै लेत कहौ करि प्रीति।
चद्रगुपति कही नगर वसंत, वन मैं तहां अहार करंत ॥३७९॥
फुनि जे आये मुनि विनि वास, तिनु तिह दिन कीन्हौ वपवास[1]।
दिवसि पारणे कै अनगार, किते गये पुरि लैंन अहार ॥३८०॥
तिन मैं यक[1] पीछी धरि तरु पै, लेय अहार गयो वन गुर पै।
यादि आ गई पीछी जव ही, उलटौ लैन चल्यो वह तव ही ॥३८१॥
तरु परि पीछी लषी महांन, लष्यो न पुर कौ आही ठांन।
तव यह वात सवै गुर पासि, आय[1] कही जिम भई प्रकासि ॥३८२॥
वोले गुर तुम विना विचार, लीन्हौं मायामई अहार।
पै तुम चद्रगुपति धनि मुनी, गाढे रहे धर्म मै गुनी ॥३८३॥
तुम्हरौ लषि कै गाढ अपार, देवि जुक्ति सौं दयो अहार।
पै याकौं यह प्राछित भयो, सो तुम मुनि-पद धारो[1] नयो ॥३८४॥
करि छेदोपसथापन नवै[1], दीक्षा लीजे फिरि तुम अवै।
तव ऐ गुर के उर धरि वैन, दीक्ष्या[2] चंद्रगुप्ति लई अैन ॥३८५॥

---

३७५ १ पादिका। २ चद्रगुपति।
३७८ १ जुगति।
३८० १ उपवास।
३८१ १ इक।
३८२ १ आई।
३८४ १ धारौ।
३८५ १ जबै। २ दीक्षा।

और मुनी जे लारै गये, तिनहूं सबनै प्राछित लये।
जथाजोग्य गुर-आग्या पाय, तप कीन्हौं तिनु मन वच काय ॥३८६॥

दोहा : नही गये दक्षिण दिसा, रहे यहां मुनि संत।
थूलभद्र फुनि रायमल, इन दै आदि महंत ॥३८७॥

चौपई : रहे मुनी जे विना विचार, यही मालवा देस मझार।
दुरभष्य पड्यौ सु ससय नाहि, अति भयभीत भये मन मांहि ॥३८८॥
नगरी मैं अहार कौं जाय, भूषे मनिष लगै तहां आय।
करि अहार यक मुनी निसंक, आवत लषि दौरे वहु रंक ॥३८९॥
सव मिलि वाकौ पेट विदारि, षायो काढि जु लयो अहार।
तव श्रावकनि सुनी यह वात, कंपन लगे जानि उतपात ॥३९०॥
जाय मुनिनु सौं विनती करी, अहो सुनहु हम यह चितधरी।
लाठी पात्रा राषो हाथि, ले अहार जावो मिलि साथि ॥३९१॥
वन मैं भोजन करिये भलै, तौ ऐ रंक टलै तौ टलै।
अैसैं हू कितेक दिन कीन्ह, तौ हू रंकनि अति दुष दीन्ह ॥३९२॥
तव फिरि पचन मिलि यम कही, निसि भोजन ले जावो सही।
प्रातः अहार करो मुनिराज, सीत उक्ष्म[1] की करहु[2] न लाज ॥३९३॥
अैसे करत ऐक निसि मुनी, आऐ इक श्रावग कै गुनी।
डरि इक तिय राक्षस-सम हेरि, गर्भ गिरयो ता को तिह वेरि ॥३९४॥
यह फुनि सुनि पंचनि मिलि आय, करि मुनिनु तै अरज सुभाय।
हे महाराज्य सुनौ अव ऐहु, आधो आधो कंम्मल लेहु ॥३९५॥
सिर परि धारो वेठो ताहि, तौ हमरो यह दुष मिटि जाहि।
तव अैसे ही वनु मिलि करी, मरजादा सव ही परहरी ॥३९६॥
सव मिलि करी न काहू चैहरयौ, तव तै अर्धफालक-मत ठेंहरयो।
या विधि सौं अहार ले जांही, वन मैं सीलो[1] भोजन षाही ॥३९७॥
तौहू रक वहां[1] चलि जाय, दुष दे षोसि अहारहि षाय।
तव श्रावकनि यहू विधि सुनी, विनयें तुम दुष पावत मुनी ॥३९८॥
गये नगर मैं तिनहि लिवाय, ठौहर सवको दई बताय।
पांच सात मिलि इकठां रहैं, भोजन विहरि ल्यात जो चहैं ॥३९९॥

---

३९३ १ उष्ण। २ करो।
३९७ : १ सीलो।
३९८ उहां।

जुड़ि किवाड़ सब मिलि जीमंत, सो विधि चली जात अवसंत ।
बारह बरष विताये येम, फुनि आये मुनि धारी नेम ॥४००॥
दषिण तैं जु विसाषाचारिज, मुनि दै आदि करत सुभ कारिज ।
तिन पै थूलभद्र फुनि सब मिलि, सिक्षि एक कौं कही जाहु चलि ॥४०१॥
देषहु चलन धर्म सब बनकौ[1], ज्यौं ससय भाजे सब मन कौ ।
वह सिषि गयो मुनिनु कै यांही, करी वंदना मन हरषांही ॥४०२॥
बनु[1] प्रति वंदन कीन्ही नांही, वह बलटौ आयो बन[2] यांही ।
सबै हकीकति बनकी[3] कही, थूलभद्र बोले तब यही ॥४०३॥
प्राछित ल्यौ गुरभाषित सबै, करि छेदोपसथापन अबै[1] ।
सब ही मिलि कै दीक्ष्या[2] लेहु, यहां रहे सो विनि सदेहु ॥४०४॥
तब सब कही अबै मुनि-ईस, सहि न सकै प्रीसह बाईस ।
तिनके नाम बहुरि विधि सुनौ, कैसैं सहैं सु तुम हीं भनौ ॥४०५॥

सोरठा :

षुध्या त्रषा[1] अरु सीत, उक्ष्म दंस मंसक बहुरि ।
नगनपनौ अति भीत, ऐ षट कैसै सहि सकै ॥४०६॥
अरति परीसह जांनि, घर सूने मधि ध्यान दे ।
जीवदया जिय ठांनि, पिछले भोग न चिंतवै ॥४०७॥
स्त्री-परीसह ऐह, सहस अठारा बाड़िजुत ।
सील धरै निज देह, तिय निरषन बोलन तजै ॥४०८॥
चर्या यह तू जांनि, चलै पयादे मग निरषि ।
कंटक भागै आंनि, तौहू रहैं उवांहने ॥४०९॥
निषद्या है यह ठीक, चले जात रवि अस्त ह्वै ।
तिह ठांही तैह तीक, बैठी जांहि निसि वीर मुनि ॥४१०॥
सज्या-परीसह जोय, ह्वै धरती कंकर तणी ।
ऊंची नीची होय, तापै सोवै निसक मुनि ॥४११॥
यहै जानि आक्रोस, मरमछेदि निंदा करै ।
नाहक दे को दोस, क्रोध न करै सबै सहै ॥४१२॥

४०२ · १ उनकौ ।
४०३ १ उनु । २ उन । ३ उनकी ।
४०४ १ सबं । २ दीक्षा ।
४०६ . १ त्रिषा ।

वध जु सस्त्र की घात, करै कोय सो सव सहै।
यह जाचनां विख्यात, काहू पै मांगै नहीं ॥४१३॥
यह अलाभतू जांनि, भोजन जवै मिले नहीं।
तव मन मैं दुष आंनि, कोप विलाप करै न मुनि ॥४१४॥
रोग-परीसह ऐह, महारोग करि ग्रस्त ह्वै।
जो अपनौं निज देह, तौ करिवो न कहै जतन ॥४१५॥
त्रिण सपरस सुणि मित त्रिणां वहुरि कटक अधिक।
लगै देह कै संत, टालै नांहीं दुष सहैं ॥४१६॥
मल-प्रीसह मुनि जांन, लागै मैल सरीर कै।
तऊ न करै सनांन, वाकौं भूषन-सम गिनै ॥४१७॥
पुरसकार सतकार, ऐक जांनि को काज मै।
विनय न करै लगार, तौ अपमांन सहै मुनी ॥४१८॥
प्राया[1] सुनहु सुजांन, आप पढ्यो ह्वै वहुत जो।
तौ न करै अभिमांन, सांत-भाव राषै सदा ॥४१९॥
यहै कहैं अग्यांन, जो निज होय प्रवीन अति।
क्रोध न करै प्रमान, जो कोऊ मूरिष कहै ॥४२०॥
यहै अदरसण ठीक, ग्यांनवांन निज तप करत।
रिधि नहि होय नजीक, तौ न विचारै वात यह ॥४२१॥
मैं अैसो तप कीन, तौ हू रिद्धि[1] न उपजी[2]।
यह न विचारै दीन, तप दीक्ष्यादिक झूठ है ॥४२२॥

दोहा : अहो हमारे नाथ तुम, थूलभद्र मुनिराय।
हम तै ऐ प्रीसह अवै, सही कौंन विधि जाय ॥४२३॥

चौपई . तव वन कही ये पेट तौ भारी[1] हौं, अगिलै जनम नरकि ही परिहौं।
यह सुनि सव मिलि वात न मानी, वा सौं वुरी करी मन मानी ॥४२४॥
वह मरि प्रेत भयौ सव जांन्यौं, सवकौं दुष दीन्हौं मन मान्यौं।
तव वा सौं मिलि विनती कीन्ही, तुम दुष देत सु सव हम चीन्ही ॥४२५॥

---

४१९ १ प्रया।
४२२ १ रिधि। २ ऊपजी।
४२४ १ मरि।

अब हम ऊपरि किरपा कीजे, जिह विधि चलैं सु चलिवा दीजे।
तौ हम पाय पूजि निति तुम्हरे, जीमै हौ तुम सतिगुर हमरे ॥४२६॥

दोहा : जब तै पूजत प्रथम ऐ, धरि पाटी परि पाय।
कोऊ अस्ति बतांवहीं, पूजत मन वच काय ॥४२७॥

चौपई : अर्धफालक सब देसनि मांहि, फैल्यो मत यम संसय नांहि।
अैसै काल वितीतौं घणौं, वरष सैकड़ा फुनि तुम सुणौं ॥४२८॥
भऐ उजेणी विक्रम भूप, माता पद्मावती[1] अनूप।
गंध्रवसेन पिता तसु जांनि, हौ विद्याधर वह गुनषांनि ॥४२९॥
विक्रम प्राकर्मी चहु धनी, धर्मवांन दांनी वहु गुनी।
तिनु वुलाय पंडित रिष सवै, नमि विनती म[1] कीन्ही जवै ॥४३०॥
संवत्त नयौ चलावन तनौं, मेरै भाव उपज्यौ घनौं।
वै वोले झगरौ पाछिलो, मेरं[1] संवत चलि है भलौ ॥४३१॥

दोहा : लैन दैन वोरन कौं, धन दै कलहि[1] मिटाय[2]।
तिह विक्रम भूपति नयौ, संवत दयो चलाय ॥४३२॥

चौपई . फुनि विक्रम तौ सुरपुरि गऐ, केते वरष वहुरि वीतऐ।
वरष ऐकसौ भऐ छतीस, तवै वजेणीं[1] भऐ महीस ॥४३३॥
चंद्रकीर्ति हौ ताकौ नांम, चंद्रसिरी भई ताकी वांम।
तिनकै सुंदर पुत्री भई, नांम चंद्ररेषा गुनमई ॥४३४॥

दोहा : ताहि पढाई भूप वन, अर्धफालकनि पासि।
सांतिकीर्ति कौ सिष्य हुतौ, जिणचंद नाम प्रकासि ॥४३५॥
सौ तौ कनवज देस कौं, गऐ सु ताहि पढाय।
फुनि कन्यां जोवनसहित, देषी जव ही राय ॥४३६॥
सुन्दर सोरठ देस मैं, वलभा नगरी जांनि।
प्रजापाल नृप कै तिया, प्रजावती गुनषांनि ॥४३७॥

---

४२९ : १ पदमावती।
४३० : १ इम।
४३१ . १ मेटं।
४३२ . १ कलह। २ मिटाइ।
४३३ . १ उजेणीं।

लोकपाल ताकौ नतय, ताहि दई परणाय।
ससिरेषा कन्या वहै, हय गय दै वहु चाय ॥४३८॥
प्रजापाल सुरगनि गयौ, लोकपाल हुव राज।
काहू दिनि अति प्रस्न[1] लषि, तिय वोली तजि लाज ॥४३९॥
अहौं भूप मेरो[1] जु गुर[2], है कनवज कै देस।
ताहि वुलाय यहां अवं, कीजे[3] भक्ति विसेस ॥४४०॥
नृप मन्त्री नु षिनाय करि, लीनें तिन्ह[1] वुलाय।
साम्हें चाले भूप हू, ल्यावन कौ चित चाय ॥४४१॥
लषि वन कौ वह रूप जव, नही वस्त्र कछु[1] पासि[2]।
नही दिगांवर[3] रूप यह, नृप तव भऐ उदास ॥४४२॥
विचि ही तैं आऐ सु उठि, वन पैं गऐ न राय।
तव नृप कौ राणी सवै, जांनि लयौ[1] अभप्राय[2] ॥४४३॥
मंत्रिनु कौं षिनवाय करि, राणि वन कै पासि।
स्वेत वस्त्र लाऐ तिन्है, वहु विधि करि अरदासि ॥४४४॥
तव नृप साम्हे जाय फुनि, ल्याऐ नगरी माहि।
भक्ति करी जिणचद की, भाव-सहित अधिकांहि ॥४४५॥
तव तैं मत ठहर्‌यौ यहै, स्वेतावर[1] सु कहात।
भद्रवाहु के चरित में, भाषी है यह वात ॥४४६॥
फुनि चौदह उपकरण ऐ, नऐ नऐ ठहराय।
यनके[1] मत के जतिनु कौं, राषन दऐ वताय ॥४४७॥

उपकर्ण-नांम

दोहा : राषौ तीन पछेवड़ी, वहुरि धोवत्ती तीन।
तीन पातरा काठ के, लाठी ऐक नवीन ॥४४८॥
वोघा दोय जु ऊंन के, ऐक मौंहपती जोरि।
पात्रा कै मुषि वाधणी, ऐक तर्पणी डोरि ॥४४९॥

---

४३९ १ प्रश्न।
४४० १ मेरे। २ जगुरु। ३ कीज्ये।
४४१ : १ तिनहि।
४४२ १ कछू। २ पास। ३ दिगंबर।
४४३ १ लियौ। २ अभिप्राय।
४४६ १ स्वेतांबर।
४४७ : १ इनके।

ऐ सब चौदह उपकरण, राषण मैं नहि दोष।
श्रैसें कहि सबकौं कियौ, मत स्वेतावर पोष ॥४५०॥
नए बनाऐ ग्रंथ बहु, आगम[1] बहुरि सिधांत।
तिनमै भाषे सो कछुक, सुनिऐ भवि विरतांत[2] ॥४५१॥

चौपई : जनम कल्यानक पूजा करैं, श्रांगी रचि जग कौ मन हरैं।
देहुरांनि कौ चलन मिटाय, उपासिरा दीन्हे ठहराय ॥४५२॥
प्रतिमां प्रभु की थापैं जहां, जुड़ि किवाड़ भोजन ले तहां।
फुनि ग्रंथनि मैं जो विपरीति, भाषी सो सुनिऐं करि प्रीति ॥४५३॥

सोरठा : ऐ चौंरासी बोल, नए सथापे बहसि करि।
तिनकी कथा कलोल. कछु यक यह वर्नन[1] करूं[2] ॥४५४॥

श्रथ चौरासी बोल परि हेम क्रत छंद छपै[1]।

कवित्त : केवली श्रहार करैं मानैं तिन्है लागत है,
दूषन श्रठारैं परमाद महा मोहिऐ।
मोह के विनासकारी वीरज श्रनंत धारी,
जिन्हैं भूष लागैं श्रैसैं कहत न सोहिऐ॥
भुजत श्रनंत सुष भोजन तैं कौंन काज,
श्रादित कै उदै कहौ कहा दीप वोहिऐ।
काहू परकार इनकैं न कवँला श्रहार,
जे कहै है तिनके जग्यौ है ग्यांन को हिऐ ॥४५५॥
मोहनी करम नांसैं वेदनी कौ वल नांसैं,
विसकै[1] विनासैं ज्यौं भुजंगम की हींनता।
इंद्रीनि के ग्यांन सौं न सुष दुष वेदै जहां,
वेदनी कौ स्वाद वेदैं इंद्रीनि की षीनता॥
श्रातमीक अतर श्रनंत सुष वेंदै जहां,
वाहरि निरतर है साता की श्रछीनता।

---

४५१ १ श्रागम। २ विविरतात।
४५४ . १ वरनन। २ करौं।
४५५ १ missing।
४५६ . १ विसकौं।

तहां भूष आदिक असाता कहां वल करै,
विष करिण कान करै सागर मलीनता ॥४५६॥
देव मानसी कही अहार तै अपति[1] होय,
नारकीक जीवनि कौ कर्म को अहार है।
नर तिर जच कै प्रगट कवला अहार,
ऐक इंद्री धारक कै लेप कौ अधार[2] है॥
अड़े कौ विरिंघि ह्वै उजाआहार[3] सेवन तै,
पंषी उर[4] ऊंषमा तै ताकी वढ वार है।
नौ कर्म वर्गनां कौ केवली कै है अहार,
देह अविकार कहै जो न सविकार है॥४५७॥

दोहा : और जीव कै लगत नहि, तन पोषक सुषदाय।
समय समय जगदीस कै, लगै वर्ग नां आय॥४५८॥

छप्पै : षुध्या त्रषा[1] भय दोष रोग जर मरण जनम मद।
मोह षेद पर स्वेद नींद विसमय चिंतागद॥
रति विषाद ऐ दोष नांहि अष्टादस जाकै।
केवल ग्यांन[2] अनत दरस सुष वीरज ताकै॥
नहि सप्त घात सब मल रहित परमो दारिक तन सहित।
अंतर अनंत सुष रस सरस सो जिनेस मुनिपति महित॥४५९॥

दोहा : कलप[1] विकलपी कहत हैं, और दोष विकराल।
निरमल केवल नाथ कै, है निहार मल जाल[2]॥४६०॥
जाहि अहार वनै नही, तँह क्यौं होय निहार।
परगट दूषन देषिऐ, इसमै कौन विचार॥४६१॥

चौपई : जे मुनि तपति रिद्धि के धारी, गहत अहार हियै न निहारी।
कहि क्यौं सकल जगत कौ स्वांमी, करै निहार अमल पद गांमी॥४६२॥

---

४५७ : १ त्रिपति। २ प्रकार। ३ उजाहार। ४ वर।
४५९ . १ त्रिषा। २ ग्नांन।
४६० . १ कलपि। २ लाज।

दोहा : जाकौं देषि मिटै विकट, घोर उपद्रव वर्ग[1]।
दोष दोय ताकै कहै, रोग और उपसर्ग ॥४६३॥

कवित्त : कहै कोऊ क्रोधसाला[1] हुवौ है गोसाला मुनि,
तिन तैं ज्वाला-माला छूटी परजलती।
वीर के समोसरन दहि मुनि दोय तिन,
ताकी झल स्वामी हूं कौं पहुंची उछलती॥
तहां भयौ उपसर्ग ताही ऊषमां तैं फिरि,
उदर की व्याधि भई आंम लोहू चलती।
परगट दोष जानि तजै असो सरधांन,
ग्यानवांन जिनकै सु जोति जगी बलती ॥४६४॥

दोहा : जनमत ही मति श्रुति अवधि, तीन ग्यांन घट जास।
कहैं पढ्यौ चट साल स्यौं, वर्द्धमान गुनवास ॥४६५॥
कहैं और सितवास मत, जब जिन होय विराग।
एक वरस लौं दान दे, अंत करै घर त्याग ॥४६६॥
जिन वैराग्य दसा धरत, त्यागे सब परभाव।
कहा जानि अपनौं करै, पाछैं दान बताव ॥४६७॥
धरी दिगंबर जिन दसा, पाछैं अंबर आनि।
इंद्र धरै जिन कंध पर[1], यह संसय मति मांनि ॥४६८॥

चौपई छंद बेसरि[1] : गणधर विनां वीर की वांनी, निफल षिरी नही[2] काहू मानी।
समकित वृत का भया न धारी, कोऊ तहां कहै सविकारी ॥४६९॥

दोहा वांनी षिरयन[1] षिर यतौ, होय सफल तैंहकीक[2]।
षिरै फल विनां जे कहैं, तिनकी वात अलीक ॥४७०॥

अरिल : लोकनाथ सौ जिनवर जाकौ पूत है,
तिस माता कौ कहैं और परसूत है।

---

४६३ १ वर्ग।
४६४ १ क्रोधसला।
४६८ १ परि।
४६९ : १ Missing। २ नहि।
४७० : १ षिरंन। २ तहकीक।

आदिनाथ कौं प्रगट कहत हैं जुगलिया,
तिनकौं ही फिरि कहैं भये ते पति तिया ॥४७१॥

चौपई : कहै जुगलिया कोऊ मूवो, ताकी तिय हि रड़ायो हूवो।
सोही रिषभदेव धरि आनी, भई सुनंदा दूजी रानी ॥४७२॥

सोरठा : कराहिन[1] निदक[2] काजु, जो सांमीनि[3] के होय जन।
क्यौंकरि श्री जिनराज, करैं अकारिज विधि करम ॥४७३॥

छप्पै : कोऊ कोऊ कहै रिषभ यौं विप्र तास तिय।
देवा नंदा तासु गर्भ जिनवीर अवतरिय॥
दिन अस्सी अरु तीन लयो प्रभू वास तहां हीं।
तबैं ईद्र यह बात विचारी है मन माही॥
हीन जाति द्विज कुल विषैं, महा पुरष अवतार।
जोग्य नहीं तातैं करौं, और गर्भ संचार ॥४७४॥

सोरठा : दियो[1] इंद्र आदेस, हिरन गवेषी देव कौं।
करवायो परवेस प्रभु, त्रिसला के गर्भ मैं ॥४७५॥

चौपई : पहिले गर्भ क्यों न हरि लीनौं, गऐं तियासी दिन क्यौं कीनौं।
पहिले का जानत हो नाहीं, कहौ विचारि धारि मन मांही ॥४७६॥

अरिल : दुज घरिवा सिद्धारथ घरि प्रभु संचरयौ,
गर्भ कल्यांनक कहौ कहां जिन कौ करयौ।
जो द्विज घरि भौ होय हीनता ईस कौ,
सिद्धारथ घरि न बनै क्रिया जगीस की ॥४७७॥
द्वै दोन्यो घरि तौ कल्यान कछुह गनौं,
जो दोन्यौं कै न हितौ च्यारयौं ही भनौं।
सील भंग तौ होय जिनेश्वर मात का,
यातैं वीरज नाहि सिधारथ तात का ॥४७८॥

---

४७३. १ करहिन। २ निदिक। ३ सामानि।
४७५. १ दयो।

चौपई : जहां वात का नांहि नवेरा, तिह[1] कलपित करि कहै अछेरा।
ग्रैसी वांनी मूंढ वषानै, दरसन मोह लीन सरधांनै ॥४७९॥

दोहा : पंच कुमार जिनेस हैं, सत्यारथ मत मांहि।
मल्लि नेमि एई कुमर, कहैं द्वै ग्रवर नांहि ॥४८०॥

तीर्थंकर जिन कौं नमैं, सांमांनिक जिनिराय।
कहै वाहुवलि केवली, नमो वृषभ[1] के पाय ॥४८१॥

कवित्त[1] : ग्ररिहंत पद वंद्य[2] वंदक सरूप मेरो,
ग्रैसे भाव परमाद गुनतांई वहै हैं।
सातमी धरातै ग्रागै ग्रातमी[3] करस जागै,
तहां वंद्य वंदक विभाव नाहि रहै हैं॥
साधक दसा मै जहां वाधक है ग्रैसा भाव,
तहां जिन जिन वंदै मंद वुधी[3] कहै हैं।
परवा सरूप धारी वीतराग ग्रविकारी,
वंदनीक एकै मानी ग्यांनीसर दहै हैं ॥४८२॥

सवैया[1] : केवल ग्यांन विषै ज्यन वीर कहैं ग्रनजांनै ग्रचांनक छीक्यौ।
सो न वनै जव छींक उठै जव वात कफा मय व्यापत जी कौं॥
धातु विवर्जित निर्मल ईस सरीर विषै नही रोग रती को।
छींक कलंक ग्रटंकित ग्रंकित शुद्ध दसा तहां दोष नहीं को ॥४८३॥

ग्ररिल : तिरदडी तापसी कुलिगी भेष सौं,
ग्रावत सुनि जिन वीरनाथ उपदेस सौं।
गोतम स्वांमी गणधर वृतधर जैन कौ,
ताकै सनमुषि[1] गयो भगति सौं लेन कौं ॥४८४॥

दोहा : धारक संम्यक दरसनी, करै न कुमती मांन।
क्यौं करि गणधर पूज्य पद, करै सुभक्ति विधांन ॥४८५॥

---

४७९ : १ तंह।
४८१ . १ रिषम।
४८२ : १ सवैया। २ ग्रातमीं। ३ वुद्धी।
४८३ : १ सवैया २३ सा।
४८४ : १ सनमुष।

जाकी सोलह स्वर्ग तै, आगै नांहीं गंम्य।
तिस नारी कौं यौं कहैं, रमै मोष्य पद रंम्य ॥४८६॥

कवित : जाके सब मलद्वार धारें है निगोदि भार,
कबहू न अविकार हिंसा तै रहत हैं।
सिथल सुभाव लियें परपंच सच कियें,
लाज को समाज धरै अंबर चहत हैं॥
छठे गुण थांन मांहि थिरता न ध्यांन माहि,
मांस मांस रितु ताहि सकता लहतु[1] हैं।
जगत विलबिनी कौं हीन दसालबिनी कौं,
यातै ही नितबिनी को मोषि न चहुत हैं ॥४८७॥

दोहा . मुक्ति कांमिनी कौं रमैं, एकै पुरिष विसेष।
रमै न कामिनि कांमिनी, यह परगट ही देष ॥४८८॥

अरिल दोहा[1] समय विरोधी देषिऐ, परगट वितथ विचार[2]।
मल्लिनाथ जिनको कहैं, मली कुमारी नारि ॥४८९॥

अरिल : सुरग भूंमि पाताल लोक मैं देषिये,
नारी नाथ सुनी कबहू न विसेषिये।
जगत वंद्य अरहंत[1] देव पद क्यों धरैं,
नर अधीन जो हीन निंदि पद आचरै ॥४९०॥

चौपई . जो नारी कौं नर पद मांनो, तो ताकी प्रतिमा किन ठानौं।
पुरिष अकार एक ही वंदो, नारी रूप क्यों न अभिनदो ॥४९१॥
जो नितबिनी बिंब न सोहैं, कुच रूपादिक मडित होहैं।
तौ लज्जा करि कामनि रूपी, क्यों करि जिनवर होय अरूपी ॥४९२॥

दोहा　जाके दरसण[1] परस तैं, रागादिक मिटि जाय।
तिस नर रूपी ईस कौं, वंदौ सीस नवाय ॥४९३॥

४८७　१ लहत।
४८९ : १ missing।　२ बिचारि।
४९० . १ अरिहत।
४९३ : १ दरसन।

चोपई कहै जुगल हरिषेत्र निवासी, काहू देव हरयौ सविलासी।
पूरव वैर दषि दुष दीनौं, अवगांहन करि छोटो[1] कीनौं ॥४९४॥
सोही[1] भरथषंड फिरि आंन्यो, मुथरा नगरी राज दिवांन्यो।
पापी करि तिन मांस षवायो, नरक नगर कै पंथ चलायो ॥४९५॥
तिसकै कुल हरिवंस वषांनै, सत्यारथ उपदेस न मांनै।
जुगल सर्व ही स्वरगति[1] गांमी, नरक न सेवहि रिजु परणांमी ॥४९६॥
तीन कोस की तिनकी काया, स्वर क्यौं करि लघु रूप वनाया।
जो तुम इसहि अछेरा मांनौं, तौ भी नांहि वनै मनि आंनौं ॥४९७॥
काल अनंतानंत भये तै, एक एक ही जुगल गये तै।
सव हरिषेत्र भूमि का षाली, ह्वै कौं[1] मिटै जुगल परनाली ॥४९८॥

दोहा : सव गिणती के जुगल है, घटै वढै नहि कोय।
मरण काल ही जुगल कै, आय जुगलिया होय ॥४९९॥
राषतु[1] चौंदह उपकरण, मुनि कौं नांहि नु दोष।
परिग्रह त्याग दसा विषै, करै परिग्रह पोष ॥५००॥
जहां प्रमांणूं सम नही, परिग्रह ग्रह कौं रंच।
तहां कहौं क्यौं करि वनै, वस्त्रादिक परपंच ॥५०१॥

कवित्त : काल पाय मैले होय आसा होय धोवन की,
धोयें नसै संजम आरंभ विसतारै[1] है।
नास भये मांगन कौं त्रास होय नासन के,
डरतै सु ध्यान विषौ[2] थिरता विडारै[3] है॥
देहु द्रुति मडन है ब्रह्मचर्य छंडन है,
जिन लिंग षंडन है तातै पट डारै है।
संवर धरनहार अंवर सौं अविकार,
होय कै निरंवर दिगंवरहि धारै है ॥५०२॥

---

४९४ : १ छोटी।
४९५ : १ सोई।
४९६ : १ स्वर्गति।
४९८ : १ कै।
५०० : १ राषत।
५०२ : १ विस्तारै। २ विशै। ३ बिसारै।

दोहा : समयादिक परजाय कौं, काल दरब बस मुझांहि।
काल अणू जाणौं नही, जै असंख्य जग माहि ॥५०३॥

छपै : काल अणू जो नाहि समय तौ होय कहां तैं।
सुथिर वस्तु विन नाहि नास उतपति तहां तैं॥
असत्त जनम जैं होय होय पर अंग जगत मैं।
वुद्धि होय परमान और षिनभगुर मत मैं॥
नहि सधै वस्तु सीमां विमल जनम नास थिर भाव विन।
थिरत[1] निमत्त समयादिकी काल अणूं जगि कहहि जिन ॥५०४॥

कवित : मांनै मनसू वृत कै गणधर घोरो भयो,
काहू काज कै निमत मांस मुनि गहे हैं।
घरि २ विहरि २ अंन्न मागि ल्यावैं,
कहैं मुनि थांन आनि भोजन कौं लहे हैं॥
निज मत निंदक कौ ठौर मारैं पाप नांही,
निर्दय सुभाव धरि काहू की न सहे हैं।
साची वात झूठी कहे भेद वस्त कौं न लहैं,
हठ रीति गहिर हैं मिथ्या वात कहैं हैं ॥५०५॥
भरथ नै ब्रांह्मी वहन[1] कहै नारी कीनी,
महासती दोष लाइ भववास चहै हैं।
ग्रहवास वसत ही केवली भरथ भयो,
आरसी के मंदिर मैं मांनि निरवहै हैं॥
द्रोपदी सती कौं कहैं भई पंच भरतारी[2],
अघ वंध भारी करि सकट मैं फहै हैं।
साचो वात झूठी कहैं वस्त[3] कौ न भेद लहैं,
हठ रीति गहि रहैं मिथ्या वात कहै हैं ॥५०६॥
कोऊ मुनि कंध परि पथ मैं गुरू कौं लियें,
चल्यौ जात केवली भयो है सरदहै हैं।

---

५०४ . १ थिरता।
५०५ १ missing।
५०६ : १ वहैं। २ भई not in A। ३ वस्तु।

कहैं है जवाई वीर नाथ कौ जमाली नामां,
वीर है कुमारो सुनि लरनै कौं षहै हैं॥
ध्रुवकि-ध्रुवकि[1] करि केवली कपिल नांच्यो,
मूरिष रिझांवन कौं ऐसी मांनि रहै है।
सांची वात झूठी कहैं वस्तु कौ न भेद लहैं,
हठरीति गहि रहौं[2] मिथ्या वात कहै हैं॥५०७॥

छप्पै : कहहि वहुत्तरि सहस भई वसुदेव-वधूगन।
धनुष[1] पंच सै उच्च वाहुवलि कहैं धरचौ तन॥
सूद्र-जाति-घरि असन करत मुनि दोष न पावै।
देव मनुषिणी भोग-भोग वहि सुरत वढावै॥
इक गर्भ माहि सुलसा धरे, सुत वत्रीस जनै भनहि।
पहिले त्रयष्टि[2] हरिदेव[3] की, नांनां तै उतपति गनहि[4]॥५०८॥
मांनहि वीर विहार अनारिज देस भूमि पर।
कहहि मलेछ चतुर्थ काल सारै हूऐ भर॥
देव-कोस सैं च्यारि-कोस कौ तन अव धारय।
प्राणघात वृत-भग करत नहि पाय विचारय॥
उपवास मांहि वोषदि[1] भषत, वृती न धारहि दोष मल।
चौसठि-हजार नारी गिनै, चक्रवर्त्ति धरि तनु नवल॥५०९॥
समोसरन जिन नगन नांहि दीसै परवांनहि।
अविक्रत तन मैं वस्त्र राग-कारण सरधानहि॥
लाठी राषैं जती कहै अस कर्म[1] वधावहि।
गज ऊपरि ही मुंक्ति[2] गई मरुदेवि वतांवहि॥
नारी अगम्य[3] दुरधर कठनि पच महाव्रत-पद धरहि।
नहि लहहि दोष वलहीन मुनि वार वार भोजन करहि॥५१०॥

छंद *गीता* . दरवित क्रिया विन भावलिंग गृहस्थ किवल[1]-पद धरैं।
चिंडाल-आदिक जाति निंदित मुक्ति तदभव वसि करैं॥

---

५०७ : १ ध्रुवक-ध्रुवक। २ रहैं।
५०८ . १ घनष। २ त्रिपिष्ट। ३ हरदेव। ४ मनहि।
५०९ . १ वोषधि।
५१० . १ कर्ण। २ मुकति। ३ A अगाम्य।
५११ . १ केवल।

आभर्ण[१] सहित जिनेस-प्रतिमा राग-कारण मांनते।
अनमिल वषांनहि और ठानहि कलपना सरधांनते ॥५११॥
साभरण[१] सव सनमुक्ति[२] जे हैं मोनि परिगृह हठ गहैं।
रवि-चद-मडल-मूल आया वीर वदन कौ कहैं॥
साकुती गति मरजाद मेटहि सूर-ससि की जानते।
अनमिल वषांनहि और ठांनहि कलपनां सरधांनते ॥५१२॥
दूषन अठारह मांहि वदलै कहहि और सवारिकै।
चौतीस अतिसय वदलि केई गहहि और विचारिकै॥
जिनमत-न्विासी सौं लरहि मुनि दोष रचनां ठानते।
अनमिल वषांनहि और ठानहि कलपनां सरधांनते ॥५१३॥
सौधर्म स्वरपति जीतिवे कौं चमर वितरपति[१] गयो।
तसु वज्रदड विलास-षंडित कहहि[२] वीर-सरनि भयो॥
कर पूरवत मरि गएं न षिरै जुगल-तनु-परवानते।
अनमिल वषानहि और ठांनहि कलपनां सरघांनते ॥५१४॥
निर्वान[१] होत जिनेस-काया षिरै दांमिनिवत नही।
वर नारि दे थिर करै श्रावक देषि कामी मुनि कही॥
केवली तनतैं जीवबध ह्वै कहैं मत मद-पानते।
अनमिल वषानहि और ठांनहि कलपनां सरघांनते ॥५१५॥
सुरगि लै जिनदाढ पूजहि ईद्र जिन जव सिव गमैं।
जिन वीर मेर-अचल लायो जनम कल्यांनक समैं॥
जिन-जनम-सूचक स्वपन[१] चौदह और नहि मन आनते।
अनमिल वषानहि और ठानहि कलपनां सरधांनते ॥५१६॥

दोहा : गगादेवी सौं कहै, पचमन वरष हजार।
चक्रवर्त्ति भरतेस नें, कियो भोग-विवहार ॥५१७॥

---

५११ २ आभरण।
५१२ १ साभरण। २ मुकति।
५१४ १ व्यतरपति। २ कहैंहि।
५१५ १ निरवान।
५१६ १ सुपन।

अरिल : भोग भूंमि छ्यांनवै नगनहि उछेदि कै,
चर्म नीर नै दोस न लावहि वेदिकै।
घृत करि साधित बासी भोजन लेत[1] है,
सारे फल कौं भुंजत दोष न देत[2] है ॥५१८॥

कवित : रिषभ विरागत निमति नीलजसा नृति[1],
मांनै नांहि देव देवि कीनी[2] जो विधांन की।
मात-पिता जीवते विराग ताकौं नांहि धरें,
वीर वर्द्धमान जिन गर्भवास आंन की॥
वाहुवलि कौं कहैं कि युगल[3]स्वरूपधारी,
हाड पूजे कौडे थापि कहै परठांन की।
नाभि मरुदेवी कौ जुगलधर्म मानतु है,
तिन ही तैं जिन-उतपति सरधान की ॥५१९॥

चौपई : हौंहि जुगलिया सव मलधारी, कहै सिलाका-पुरिष निहारी।
चौसठि इंद्र न अधिके जानै, वारह देवलोक ही मानै ॥५२०॥
जे जादौं जिन मारिग पक्षी, तिनकौं कहै मांस के भक्षी।
मनुज मांनषोतर कै आगै, जेहै कहै न दूषन लागै ॥५२१॥

छद रोडक : नांही है नाही है काम चौवीस॥
अरु नव-नवोत्तरे लघु समुद्र मानत नांही।
ऐरावति भरत तजि षेत्र ऐकसौ साठि माही॥
चौरासी लष जौंनि हैं, ऐ चौरासी वोल।
जे मांनै ते मानि हैं, भवसागर-कल्लोल ॥५२२॥

दोहा[1] तिनहू तै लौंका ढूढिया, निकसि जुदे मत कौं थापिया।
प्रतिमा तिनु पूजन तजि दई, दोष कहे यामै अधिकई ॥५२३॥
तिनमै लौंका सुचि तौ रहैं, ढूढ्या महा असुचि[1] कौं गहैं।
नहि आचार विचार न कोय, जातै धर्म[2] सधै सुभ होय ॥५२४॥

---

५१८ १ लेतु। २ देतु।
५१९ १ नृत्य। २ कीनौं। ३ मुगल।
५२३ १ चौपई।
५२४ : १ अशुचि। २ धरम।

इनकौ चलन जगत सव जानैं, गृंथ माझि अव कहा वषांनै।
परगट दीसत छांनौं नांहीं, तातैं वरनन कहा कराहीं ॥५२५॥

दोहा : मत स्वेतांवर[1] मैं वहुरि, लषियत[2] अवै प्रतछ्छ[3]।
फाटे मन मद ठांनि सो, हैं चौरासी गछ्छ[4] ॥

कवि वचन

दोषभाव धरि नहि कियो, कियो न निज-मत-पोष।
सत्यारथ उपदेस यह, करैं सुजन संतोष ॥५२६॥
सत्यारथ वानी प्रगट, घट-घट करैं उदोत।
ससय-तिमर मिटैं पटल, वढै ग्यान सुष होत ॥५२७॥

॥ इति वोल सपूर्ण ॥

अथ द्रावड़-संघ-उतपति-वर्नन

दोहा : द्रावड़संघ उत्तपति[1] भई, जिम भाषी मुनि ईस।
सवत वीतैं पांच सै, ऊपरि और छतीस ॥५२८॥

चौपई : मुनि श्रीपूज्यपाद गुनषानि, वज्रनंदि तसु चेला जानि।
पाहुडोनि[1] वेता तन षीण[2], सर्वसास्त्र मैं महाप्रवीण ॥५२९॥
इक दिनि[1] चेलै क्रोध उपाय, दक्षिण मथुरा कै मधि- आय।
द्रावडसघ नयो ठेंहराय[2], नये नये सिद्धांत वणाय ॥५३०॥

चौपई[1]. भाषी वीज मद्धि नाहि[2] जीव, हैं प्रासुक नहि दोष सदीव।
षेती विणज आदि वहु कर्म, करि जीवो यामैं न अधर्म ॥५३१॥
सीतल जल के करै सनांन, तिन कै अघ अति होत[1] सुजान।
इन्हैं आदि विपरीति जु वात, करि द्रविड[2]-सघ कियो[3] विष्यात ॥५३२॥

---

५२६ १ स्वेतावर। २ लषिमत। ३ प्रतछ। ४ गछ।
५२८ १ उतपति।
५२९ १ पाहुडानि। २ षीन।
५३० १ दिन। २ ठहराय।
५३१ १ A missing। २ नहि।
५३२ १ होय। २ द्रावड। ३ कीयौ।

अथ ज्यापनीय-संघ-उतपति[1]†-वर्नन

दोहा : साल सात सै पांच कै, संघ चल्यौ अघ-धांम।
पुर कल्यांनवर कै विषै, ज्यापनीय यह नांम ॥५३३॥
तहां ऐक श्रीकलस मुनि, तिनहूं नये सिधंत।
करि वातैं जु धरि सु अव, कछुयक सुनौं व्रतंत ॥५३४॥
कलपसूत्र स्वेतांवरनु, नयो वणायो ताहि।
मानौं[1] फुनि पूजा करो, रतन-त्रय की चाहि ॥५३५॥

सोरठा : मांने दुहुंके वैन, दिग्गंवर फुनि स्वेतपट।
लहैं कौंन विधि चैन, जमीकौं न असमांन कौ ॥५३६॥
फुनि यह कही असार, स्त्री जाय पहुचै मुकति।
ले केवली अहार, मोषि लहै सर ग्रंथहू ॥५३७॥
वातै धरि विपरीत, और कितेक सिधात मैं।
संघ त्यागि निज रीति, ज्यापनीय परगट कियो ॥५३८॥

अथ काष्टा-संघ-उतपति वर्नन

दोहा : संघ कासटा की भई, उतपति मनो उपंग।
साल सात-सै-त्र्याणवै, कौ निकस्यो यह संघ ॥५३९॥

चौपई : ग्रांम नंदियड़ इक अति वसै, विनयसेनि यक मुनि तै लसै।
ताकै चेलो कुमारसैन, भयो मुनी धारक मत्त जैन ॥५४०॥
तिय यक समये धरचो सन्यास, ज्यावत जीव सु ठांनि हुलास।
वैठौ एक ठौर मुनिराय, सर्व वस्त कौ त्याग कराय ॥५४१॥
दिन कितेक मैं उपजी ताकौं, षुध्यादिक वाधा अति वाकौं।
तव वन[1] नहि निज धर्म विचारचो, करि अहार सन्यास विगारचो ॥५४२॥

---

५३३ : १ उत्पत्ति।
५३५ : १ मानहु।
५४२ : १ उन।

---

†The less popular sect of the Jains, besides the well known Digambara and Svetambara Sanghas Little research has so far been made on the Yapaniya literature Dearth of material coupled with its close affinity with the Digambara sect makes it still more difficult to differentiate between the two However, Kanarese Jain works would come to our aid, when they have been discovered and a proper assessment of the same has been made

फुनि वह वडे मुनिनु पै गयो, सब विरतांत आपनौं कह्यो।
मुनिनु कही फिरि दीक्ष्या लेहु, करि छेदोपसथापन ऐहु ॥५४३॥
वानै विद्या कौ मद ठानि, दीक्ष्या फिरि नहि लीनी जांनि।
नए सास्त्र तिन लये वनाय, प्रतिमां काठ-तणी वणवाय ॥५४४॥
भाषी पूजौ सब मिलि याहि, वहु मिलि पूजन लागे ताहि।
सुरही गाय पूंछ के वाल, तिनकी पीछी रची विसाल ॥५४५॥
पूजा पाठ नए वणवाये, आगें पीछै दर्व्य चढाए।
मुनि-तिय कौ दीक्ष्या दे भाषी, देसवृत करिकै अभिलाषी ॥५४६॥
चर्या वीर करो[1] सहु कोय, असै वैहकाये वहु लोय।
प्राछत[2] कहे और के और, इन दै आदि कुवुधि कै जोर ॥५४७॥
करि कितेक वातें विपरीति, मूरिष मत आने करि प्रीति।
असै नदिसघ मैं चाहो, काष्ट सघ उपज्यौ विधि याही ॥५४८॥
जब वाकौ गुर हौ मुनि महा, आय कही यह कीन्हौं कहा[1]।
तव वन[2] कितियक मेटी चाल, कितियक चली जात हैं हाल ॥५४९॥

दोहा: तवही तैं कहने लगे, मूलसघ तौ वाहि।
कहै नवीन प्रवीन जन, सघ कासटा[1] याहि ॥५५०॥

अथ निपिछ्छ-संघ-उतपति-वर्नन

दोहा संवत नौसैं श्याणवें, सघ निपिछ्छ उठांन।
मुथरा नगरी मैं हुवो, सो विधि सुनहु सुजांन ॥५५१॥

चौपई: मुनि यक रांमसेन वरनयो, समकित प्रक्रति मिथ्याती भयो।
गुरु अर प्रतिमां जिन-वर तणी, तिन मैं विंगि निकासी घणी ॥५५२॥
यह प्रतिमां मेरी है भाई[1], सो ही पूजौगो मन लाई।
यह गुर मेरो ताहि मानौं, और मुनिनु कौं नाहि पिछानौं ॥५५३॥

---

५४७ : १ करहु। २ प्राछित।
५४९ : १ A missing। २ उन।
५५० : १ काष्टा।
५५३ : १ मई।

सोरठा : अैसैं बात कितेक, कहि कहि मांथुर श्रावकनि ।
पकराई अति टेक, संघ निपछ परगट कियो ॥५५४॥

॥ इती संघ उतपति 'संपूर्ण'[1] ॥

सोरठा : कुंदकुंद मुनिराज, श्रीमंदिर[2] जिनके वचन ।
सुनि हुव धर्म-जिहाज, अधिक समोधे मुनिनु कौं ॥५५५॥
चलते वहुत कुमार्ग, जो ए मुनि न समोधते ।
तव ही तै सुभ मार्ग, गहि केते लागे चलन ॥५५६॥

अथ कुंदकुंदाचार्य-वर्नन

दोहा : संवत गुणचासा तणै, कुंदकुंद मुनिराय ।
भये भटारक अवनि पैं, तिनकी है अमनाय ॥५५७॥
इनके कारण पाय कै, नाम भये जिम पांच ।
सुने सु अव विधिवत कहे, भविजन मांनौ[1] सांच ॥५५८॥
पदमनंदि मुनिवर हुतौ, पैहलें[1] तौ निज नांम ।
मुनिस्वर[2] के परसंग तैं, लहे नांम अभिराम ॥५५९॥
देव मिल्यौ यक आयकैं, करी वीनती येहु ।
कहि ऐसो अवहूं करूं, आग्या मोकौं देहु ॥५६०॥
तव[1] मुनिवर अैसै कही, विदिह षेत्र ले जाय ।
श्रीमंदिर[2] स्वांमी तणौं, दरसण मोहि कराय ॥५६१॥
तव स्वरधारि विमांन मुनि, चालयो मद्धि अकास ।
राह मांहि पीछी गिरी, ठीक पड्यो नहि तास ॥५६२॥
मुनि वोले पींछी विनां, हम नहि मग चालंत ।
देव विचारी सो करूं, जिहि विधि चालै संत ॥५६३॥
गृधिपछ्छि[1] के परन[2] की, पींछी दई वनाय ।
गृधपछाचारिज यहै, तव तै नांम कहाय ॥५६४॥

---

५५५ : १ 'संपूर्ण' not in A । २ सीमंधर ।
५५८ : १ मानें ।
५५९ : १ पहलें । २ फुनि सुर ।
५६१ : १ जब । २ सीमधर ।
५६४ : १ गृद्ध । २ परनि ।

स्वरमुनि गये विदेह मैं, दरसरण किय जिनराय।
ऊंची सव ही की लषी, धनुष पांच से काय ॥५६५॥
चक्रवर्त्ति आयो तहां, दरस करण जगदीस।
लषि वन मुनि कौ हाथ मै, लऐ उठाय महीस ॥५६६॥
भाषी यह को जीव है, कमड़ल पीछी धार।
जिन भाषी मुनि है यही, भरथषड कौ सार ॥५६७॥
तव चक्रीयन कौ धरचौ, एलाचारिज नांम।
फुनि आये निज षेत्र मैं, करि मनवछित कांम ॥५६८॥

सोरठा : कवहू विनां प्रभात, सामायक लागे करन।
समयै हुतौं न भ्रात, तातै वांको[1] ग्रींव हुव ॥५६९॥
तव तै नांम कहात, वक्रग्रींव आचार्य यह।
फुनि सुनिऐं यह वात, कुदकुंद मुनि जिम भये ॥५७०॥

अरिल कवहू वाद करत हे आंन[1]-मतीन तै,
कमडल भरचौं लख्यौ जल वुष्ण[2] नवीन तै।
वादी जलकौं मंत्रनि तै मदिरा करी,
पूछी या कमडल मे मद तुम क्यौं भरी ॥५७१॥
तव मुनिवर चक्रेस्वरि[1] कौ सुमरन कियो,
देवि कुंद पुसपनि तै कमडल भरि दियो।
तव तै लागे कहन मुनी कुदकुद है,
महिमां तिनकी जग मैं अधिक अमंद है ॥५७२॥
आमनाय इनकी मत मैं अैसै भई,
सुनी वात कहियतु है मति जांनहु नई।
काहू समये संघ चल्यौ गिरनारि कौं,
कुदकुंदमुनि वहुरि स्वेतपट लारकौ ॥५७३॥
साथि दुहूं मत के ही पच भये घनै,
पहुचे गिर तरि जाय सवै अैसै भनै।

---

५६९ : १ A षोकी।
५७१ : १ अन्य। २ उष्ण।
५७२ : १ चक्रेश्वरी।

पहलै दरसन करन तनौं झगरो परचौ,
आपस मांझि दुहुंन ही कै अति रिस भरचौ ॥५७४॥
वैतौ कहै हमारो ही मत आदि है,
दूजे कहै अनादी हम वै[1] वादि हैं।
तव अकास तै भई देववांनी यही,
झगरत काहे आदि दिगंबर है सही ॥५७५॥
पहिलै[1] वंदन करी नेम जिनचंद की,
जवतै आंमनाय ठैहरी मुनि कुंद की।
तवतै रचे कितेक ग्रंथ भवि तारनै,
विसंघीन कौ मत षंडन कै कारनै ॥५७६

दोहा : इनहीं की अमनाय मैं, भये और मुनिराय।
नांमी तिनकी अलप-सी, कीरति कहौं वनाय ॥५७७

छंद मोतीदाम : धरा भ्रमचद[1] वड़ौ विड़दाल।
थप्पौ पट वारह-सै-अठताल ॥
तिके रणथंभ प्रतिष्ठहि काजि।
बुलाय लये मुनि धर्म-जिहाज ॥५७८॥
हुते गुर दक्षिण देस विसाल।
पुन्या धरमैं सुष सौं गुनपाल ॥
दयो तिनु कागद आवन काज।
सिताव पधारहु हे मुनिराज ॥५७९॥
महूरत वांचि दियो यह जाव।
गिणैं मति ढील चलै'व सिताव ॥
हुवो रवि अस्त भई जव राति।
गये रणथंभ मुनी परभाति ॥५८०॥
मिले तँह राव हमीर निरिंद[1]।
मही धनि धनि हुवो सु मुनिंद ॥

---

५७५ : १ वह।
५७६ : १ पहलें।
५७८ : १ A भ्रमचद।
५८१ : १ नरिंद।

भये वहु पर्म जे जेति राव।
भयो सु भलो जस पुन्य प्रभाव ॥५८१॥

पुन: अन्योक्त[1] कुदकुद अमनाय मैं, भट्टारक जिणचद।
दोहा : कछुयक तिनहू कौ सुजस, सुनिऐ भवि गुण वृंद ॥५८२॥

चौपई . यनपं[1] सवै महाजन आय, गढ चीतोड[2] सु गये लिवाय।
जहा धर्म घर फुनि वुधिवंत, सांगो राणों राज करत ॥५८३॥
तहा चौधरी हौ जिणदास, सागो तेजो द्वै सुत जास।
साह गोत फुनि वौह[1] धनवान, तिन कौ राषत हे सव मांन ॥५८४॥
सागे इक दिन विनती करी, करहुं प्रतिष्टा मुनि गुन-भरी।
मुनि आग्या माफिक धन लाय, सव सामिग्री[1] दई मगाय ॥५८५॥
तव अति हरष मांनि मुनिराज, करने लगे प्रतिष्टा काज।
दिवस कितेक करत जव भये, मुनि तौ तन तजि स्वर्गनि गये ॥५८६॥
तिनकै सिष्य पाट कै जोग्य, हुतो न कोई महा मनोग्य।
आयो हुतो प्रतिष्ठा जानि, इक सुरजन पांड्यो[1] गुनषांनि ॥५८७॥
ताकै सगि तिया हू हुती, गुन लांवन्य[1] करि अति सोभती।
तिनतैं सवै महाजन आय, विनती करी होहु मुनिराय ॥५८८॥

दोहा : इंह स्वरजन श्रावक तनै, हुतो देवि कौ इष्ट।
तातै याकौं मांनते; पडितजन हू सिष्ट ॥५८९॥

चौपई : सव मिलि ताहि भटारक करयौ, प्रभाचंद्र नाम यह धरयौ।
अघ-तम-हरनं उयों मनु सूर, वढ्यौ प्रताप सवै भरपूर ॥५९०॥
तिया हुती तिह अजिकाकरी, 'करी प्रतिष्टा तिनु गुन भरी[1]'।
प्रभाचद्र मुनि कहीं प्रकार, काहू दिसि कौं कियो विहार ॥५९१॥

छंद पद्धरी : दिल्ली के पति पेरोजसाहि,
चांदा गूजर परधांन ताहिं।

---

५८२ १ अन्योक्ति।
५८३ १ इनपै। २ चीतौड।
५८४ १ वहु।
५८५ १ सामग्री।
५८७ १ सुरजन पांडे।
५८८ १ A लावनि।
५९१ १ 'सोभित धर्म ध्यान गुन भरी।'

दोऊ भइया पापड़ीवाल,
तिनकै चित इक उपजी रसाल ॥५९२॥
कीजे इक[1] सुभ कारिज जु कोय,
दै आदि प्रतिष्ठा सुजस होय।
यह करि विचार[2] इक नर बुलाय,
मुहुरत[3] इक सुद्ध भलौ कढाय ॥५९३॥
भट्टारक श्रीमत प्रभाचंद्र,
पठयो वसीठ तिन पै अमंद।
मुनि पासि जाय विनती करीस,
चलि करहु प्रतिष्ठा हे मुनीस ॥५९४॥
दिनकौ बताय दीन्हौं प्रमांण,
सबही सुनि लीनी मुनि सुजांण।
दिन बीते वहु फुनि रह्यौ एक,
मुनि तैं नर विनति करी प्रतेक ॥५९५॥
मुनिराज अबै मुहि सीष देहु,
दिन रह्यौ ऐक नांही संदेहु।
कब चलि पहुचै वह ठाम हांन,
तातै दीजे मुहि सीष दांन ॥५९६॥
मुनि कही अहो नर रहहु सोय,
देषहु परभाति सु कहां होय।
सोवत नर जब वह बढ्यौ प्रात,
लषि दिल्ली अचिरज भयो गात ॥५९७॥
मुनि कही जाहु दिल्ली मझार,
साम्हे प्रधांन ल्यावे अवार।
नर आयहुं हूं भायन निकट्ट,
सब कही भयो अचिरज प्रगट्ट ॥५९८॥
गज हय रथ[1] फुनि[2] सुषपाल साजि,
सब आये सांम्हे लैन काजि।

---

५९३ : १ यक। २ उपाय। ३ महुरत।
५९९ १ फुनि। २ रथ।

वाजे वजाय नौवति निसांन,
विधि भली मिले मुनि सौं सुजांन ॥५९९॥
मुनि नगन पयादे चलन लाग,
सव करी अरज मिलि हे सभाग।
चढि लेहु[1] पालिकी मुनि महांन,
यामैं हमरो अति वढै मांन ॥६००॥
कहि मुनि हठतै चढि अहो साहु,
या विधि कौ तुम कीज्यो निवाहु।
चढि चले पालिकी[1] साथि सर्व,
जैनी फुनि[2] पुरजन त्यागि गर्व ॥६०१॥
आवत पुर मैं मनिधरि विषाद,
राघो चेतन अति किय ववाद।
पालिकी वंद करि दी लवार,
दीन्ही चलाय मुनि विन कहार ॥६०२॥
इन आदि वाद कीन्हे अनेक,
मुनि जीति सर्व राषी सु टेक।
इक दिनि राघो चेतन सु चाहि,
नर पठ्यो वूझन मुनिनु पाहि ॥६०३॥
मावस दिनि मुनि तिह ठान देषि,
सिष्यनु तै वूझी तिथि विसेषि।
सिष्यनु मिलि पूरन्नया कहीस,
यह अरज दिलीपति पै दईस ॥६०४॥
है आजु अमावस अहो साहि,
वुनु पून्यौं झूठी कही काहि।
पतिसाहि षिनाई† वूझि तिथ्यि[1],
मुनि भाषी पून्यौं आजि सत्ति ॥६०५॥

---

६०० १ A चढ़ि वेहु।
६०१ : १ पालकी। २ फिरि।
६०५ १ तितिथ।

---

†A popular Jharasahi word—To call for—e.g "बीदणी ने पीर खिनाई"।

देवी पद्मावति[1] कौं अराधि,
विनती करि संध्या समै साधि।
दीन्हौं उगाय नभ मांझि चंद,
प्रगट्यौ पुर मै जस अति अमंद ॥६०६॥
वा दिन मिलि भाषी अहो साहि,
द्वादस कोसनि परकास याहि।
तव सांड[1]† दौड़ाये[2] अनेक,
सुनि मुनि दिय वांधि सु जाल ऐक ॥६०७॥
वे दौड़े कोस वहौत राति,
वारह ही मैं ऊग्यौ प्रभाति।
या विधि लषि साहि मुनिंद पासि,
आये नमि कीन्ही अरज दासि ॥६०८॥
यह कारण अव कहिये मुनीस,
मुनि कही वाद जांनहु महीस।
ताहू समये वादीनु आय,
मंत्रनि तैं कमडल मद भराय ॥६०९॥
दै कही अहो पतिसाहि ऐहु,
कमडल मद भर्‍यौ विना संदेहु।
मुनि लषि वामैं किय पुष्प आंनि,
दीन्हौ उघाड़ि कमडल महांनि ॥६१०॥
अति प्रस्न[1] भयो पेरोजसाहि,
मुषतै मुनि धनि-धनि कही चाहि।
यह कथा सुनी सव राजलोक,
कीन्हौं निदांन सव ही सु थोक ॥६११॥
दरसन विनि भोजन हम करै न,
या विधि भाषे वेगमनु वैन।

६०६ : १ पदमावति।
६०७ : १ सांडे।

†Messenger on the Camel's back.

तव साहि वुलाये द्वै प्रधान,
भाषी ले आहु मुनी महान ॥६१२॥
दरसन वेगम जव करै आप,
तव ही वुनकौ मिटिहै[1] प्रताप।
मिलि भाषी मुनि तैं सवनि साह,
तुम दरस वेगमनि कै सु चाह ॥६१३॥
तातैं हमरी विनती सु ऐहु,
करि कै लँगोट दरसन सु देहु।
मुनि कही सुनौ तुम सकल साह,
चलिजै यह जग मांझि राह ॥६१४॥
साहन मिलि सव सौगँद करीस,
जुत वस्त्र मानिहैं हम मुनीस।
तव तै यह राह चली विसेस,
कछु वल वीरज प्राक्रम घटेस ॥६१५॥

छप्पै : दिल्ली के पतिसाहि भये, पेरोजसाहि जव।
चादीसाह[1] प्रधान भटारक प्रभाचंद्र तव ॥
आए दिल्ली मांझि वाद जीते विद्यावर[2]।
साहि रीझि कै कही करै दरसन अंतहपुर ॥
तिह समै लँगोट लिवाय फुनि चांदे विनती उच्चरी।
मांनि हैं जती जुत वस्त्र हम सव श्रावग सौगद करी ॥६१६॥

अरिल : याही गछमैं भट्टारक जव वहु भये,
वरष कितेक वितीतैं गछ निकसे नये।
तिनमैं चलन वचन कौ भेद न जानियौं,
निकसन की विधि लखी लिखी सो मांनियौं ॥६१७॥
संवत तेरह सै पिचिहतरचौ जानिवै,
भये भटारक प्रभाचद्र गुनषांनि वै।

---

६१३ : १ मिटहैं।
६१६ : १ चांदोसाह। २ A बिद्याबर।

तिनकौ आचारिज इक हौ गुजरात मैं,
तहां सबै पंचनि मिलि ठांनी बात मैं ॥६१८॥
कीजे ऐक प्रतिष्ठा तौ सुभ काज ह्वै,
करन लगे विधिवत सब ताकौ साज वै।
भट्टारक बुलवाये सो पहुचे नहीं,
तबै सबै पंचनि मिलि यह ठांनी सही ॥६१९॥
सूरि मंत्र वाही आचारिज कौं दियो,
पदमनंदि भट्टारक नांम सु यह[1] कियौ।
ताकै पाटि सकलकीरति मुनिवर भये,
तिन समोधि गुजरात देस अपनें किये ॥६२०॥

चौपई : ग्यांनभूषण ताकौ सिषि[1] ऐक, दूजौ ग्यांनकीर्त्ति सु विवेक।
दोऊ मिलि कै आधौं आधि, गछ मै लिये महाजन साधि ॥६२१॥
सब गुजरात बहुरि मालवै, फुनि मेवाड़ माहि तिनुनवै।
दिगंबरी इनकी अमनाय, सो विधि अवलौं चाली जाय ॥६२२॥

दोहा : पंद्रह सै इकहैतरे, निकस्यौ गछ ग्वालेर।
सिप्यि मुनी जिणचंद कौ, सिंघकीर्त्ति गुरमेर ॥६२३॥

अथ मंडलाचार्य उतपति वर्नन

पंद्रहसै सु बहैतरे, गछ थाप्यौ नागोर।
रत्नकीर्त्ति यह नांम भनि, निज वलवुधि कै जोर ॥६२४॥
भट्टारक न कहावई, मंडलाचार्य कहाय।
तिनकी वा दिसि मांहि बहु, फैलि गई अमनाय ॥६२५॥
